RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : सोमवार 28 अप्रैल 2025 | वर्ष 07 | अंक 09 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 8 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी ®
खबरें बे-रोकटोक

## मुंबई निकाय चुनाव की सुगबुगाहट के बीच कैबिनेट विस्तार को लेकर चर्चा तेज...




Page - 2

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## लोगों को एकजुट रहना चाहिए... आतंकवादियों का उद्देश्य सांप्रदायिक दंगे भड़काना था - छगन भुजबल

**मुंबई:** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री छगन भुजबल ने कहा कि लोगों को एकजुट रहना चाहिए और उन आतंकवादियों के जाल में नहीं फंसना चाहिए जिन्होंने पहलगाम में भयावह हमला किया, क्योंकि उनका उद्देश्य सांप्रदायिक दंगे भड़काना था। कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकवादियों ने महाराष्ट्र के छह लोगों सहित 26 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस कृत्य की दुनिया भर में निंदा हुई थी और देश भर में आक्रोश फैल गया था।



भुजबल ने कहा, ''हिंदू बनाम मुस्लिम का अभियान बंद होना चाहिए। अगर हमें आतंकवादियों से लड़ना है तो हमें एकजुट होना होगा। कश्मीर समेत पूरे देश में मुसलमानों ने हत्या की निंदा की है और विरोध मार्च निकाले हैं। पहलगाम में आतंकवादियों की गोली से मरने वालों में मुस्लिम समुदाय का भी एक व्यक्ति शामिल है।' उन्होंने कहा, 'हत्या का उद्देश्य सांप्रदायिक विवाद पैदा करना और दंगे भड़काना था। लोगों को आतंकवादियों के जाल में नहीं फंसना चाहिए।' भुजबल की यह टिप्पणी महाराष्ट्र के मंत्री और भाजपा नेता नितेश राणे के उस बयान की पृष्ठभूमि में आई है जिसमें उन्होंने (राणे ने) कहा था कि हिंदुओं को खरीदारी करने से पहले दुकानदारों का धर्म पूछना चाहिए।

## पाकिस्तानी नागरिकों को तुरंत देश छोड़ देना चाहिए...

# यदि कोई पाक नागरिकों को पनाह देगा तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी - उपमुख्यमंत्री

मुंबई : महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तानी नागरिकों को भारत छोड़ने के आदेश और महाराष्ट्र पुलिस पर विधायक संजय गायकवाड़ के विवादित बयान पर प्रतिक्रिया दी। उपमुख्यमंत्री का कहना है कि पाकिस्तानी नागरिकों को तुरंत देश छोड़ देना चाहिए। यदि कोई पाक नागरिकों को पनाह देगा तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।



**एकनाथ शिंदे ने मीडिया से बात करते हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तानी नागरिकों को भारत छोड़ने के आदेश पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि पाकिस्तानी नागरिकों को तुरंत देश छोड़ देना चाहिए। हमने पाकिस्तानी नागरिकों को महाराष्ट्र से देश छोड़ने का भी आदेश जारी किया है।**

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ने भी कहा है और मैंने भी अपने भाषण में कहा है कि पुलिस कहीं भी छिपे 107 पाकिस्तानियों को ढूंढ लेगी और उन्हें वहीं से गिरफ्तार कर लेगी। उन्होंने कहा कि अब पाकिस्तान और पाकिस्तानी नागरिकों पर दया दिखाने का कोई कारण नहीं है। इसलिए पाकिस्तानी नागरिकों को तुरंत देश छोड़ देना चाहिए और यदि उन्हें कोई पनाह देता है तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। महाराष्ट्र पुलिस पर विधायक संजय गायकवाड़ के विवादित बयान पर एकनाथ शिंदे ने कहा कि संजय गायकवाड़ ने आज सुबह मीडिया के माध्यम से पुलिस से माफी मांगी है। किसी भी विशेष पुलिस अधिकारी के बारे में शिकायत निश्चित रूप से मुख्यमंत्री और मुझसे की जानी चाहिए। लेकिन हम इसके लिए पूरे पुलिस बल को दोषी नहीं ठहरा सकते। हम उन्हें दोष नहीं दे सकते। पुलिस बल हमारे त्याग और बहादुरी का प्रतीक है। हम वे लोग हैं जो पुलिस बल का सम्मान करते हैं, क्योंकि वे मौसम की परवाह किए बिना काम करते हैं, चाहे वह 26/11 हो, कोविड हो, त्योहार हो, या धूप, हवा, बारिश हो।

## मुंबई में 2 समूहों के बीच झड़प, 3 घायल, दुकानों में तोड़फोड़...!




**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के मुंबई में मामूली बात को लेकर दो समूहों के बीच हुई झड़प में तीन लोग घायल हो गए तथा दुकानों एवं वाहनों में तोड़फोड़ की गई। यह घटना सांताक्रूज के गोलीबार इलाके में शनिवार रात को हुई। इस घटना की सीसीटीवी फुटेज में उपद्रवी बांस की लाठियों से दुकानों में तोड़फोड़ करते हुए नजर आ रहे हैं। वकोला पुलिस ने इस घटना के संबंध में भारतीय न्याय संहिता अधिनियम की धारा 189 सहित संबंधित प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान करेगी।

## मुंबई में बनेगी पहली जल मेट्रो परियोजना, कोच्चि करेगा मदद, नितेश राणे ने दी जानकारी...



**मुंबई:** महाराष्ट्र के मत्स्य पालन एवं बंदरगाह विकास मंत्री नितेश राणे ने कहा कि केरल के कोच्चि जल मेट्रो को मुंबई में मेट्रो सेवा के लिए एक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट यानी डीपीआर पेश करने को कहा गया है। राणे ने बताया कि इस संबंध में डीपीआर इस माह के अंत तक तैयार होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना को मुंबई में लागू करने के लिए केंद्र सरकार के साथ 50-50 प्रतिशत की भागीदारी पर एक विशेष निकाय का गठन किया जाएगा।

राणे ने बताया कि मुंबई 7 द्वीपों से बना है, लेकिन जलमार्गों का पहले कभी पूरी क्षमता से उपयोग नहीं किया गया। राणे ने इस बात पर जोर देते हुए बताया कि इस तरह की पहल से सड़कों और उपनगरीय रेल सेवाओं पर बोझ कम होगा। राणे ने विश्वास जताया कि जल मेट्रो परियोजना से शहरी परिवहन में सुधार होगा और देश की वित्तीय राजधानी में पर्यटन को बढ़ावा भी मिलेगा। कोच्चि जल मेट्रो महाराष्ट्र सरकार की सहायता कर रही है। इसके तहत, बैटरी से चलने वाली नौकाएं मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) के विभिन्न हिस्सों को जोड़ेगी।

**स्टेशन के लिए 21 प्रस्तावित जगह**


उन्होंने बताया कि वैतरणा नदी, वसई, ठाणे, मनोरी और पनवेल और मुंबई पोर्ट ट्रस्ट के पास स्टेशन के लिए 21 प्रस्तावित जगह हैं। परियोजना के पहले चरण में जल मेट्रो होगी, जबकि दूसरे चरण में रो-रो यानी रोल ऑन-रोल ऑफ सेवा होगी। मंत्री नितेश राणे ने बताया कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने हाल में कहा था कि नवी मुंबई हवाई अड्डा देश का पहला ऐसा हवाई अड्डा होगा, जहां जल टैक्सी सेवा होगी।

**एक डीपीआर तैयार की जाएगी**

मंत्री ने कहा कि हवाई अड्डे के पास एक जल मेट्रो टर्मिनल का निर्माण किया जाएगा। अगले कुछ दिनों में सिडको, महाराष्ट्र सागरी मंडल (एमएमबी) और राज्य पत्तन मंत्रालय की एक बैठक होगी और एक डीपीआर तैयार की जाएगी। जिसके माध्यम से कार्य को आगे बढ़ाया जाएगा।

## नकली नोट की रिश्वत...

### नयानगर पुलिस स्टेशन के उपनिरीक्षक रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार



**ठाणे :** नयानगर पुलिस स्टेशन में तैनात उपनिरीक्षक रामनाच उमाजी तांडालकर (उम्र 56 वर्ष) को 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ठाणे ने रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। शिकायतकर्ता के भाई के खिलाफ एमडी ड्रग्स बेचने के आरोप में मामला दर्ज किया गया था। भाई को जमानत पर छोड़ने और मामले में अच्छा फीडबैक (IOTIS रिपोर्ट) देने के एवज में तांडालकर ने 70 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी। शिकायत के बाद एसीबी ने जाल बिछाया और 25 अप्रैल को तांडालकर को नकली और असली नोटों के साथ रिश्वत स्वीकारते हुए पकड़ लिया।

एसीबी अधिकारियों ने बताया कि आरोपी उपनिरीक्षक के पास से 5 हजार रुपये असली और 45 हजार रुपए नकली नोट बरामद हुए हैं, जिन पर 'चिल्ड्रेन बैंक ऑफ इंडिया' अंकित था। पूरी कार्रवाई वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में की गई।

## संपादकीय...



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### छिन्न-भिन्न विश्व व्यापार व्यवस्था...

द्वितीय विश्व युद्ध के बाद वैश्विक नेताओं ने एक ऐसे भविष्य की कल्पना की, जिसमें समान शर्तों पर व्यापार करना शामिल था। इसके लिए विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की स्थापना की गई, जो वैश्विक व्यापार को सुगम बनाने, व्यापार विवादों को हल करने और व्यापार नीतियों को नियंत्रित करने के लिए कार्य करता है। डब्ल्यूटीओ के समझौतों के प्रविधान विकासशील देशों को विशेष अधिकार देते हैं। उदाहरणस्वरूप भारत जैसे विकासशील देश कुछ उद्योगों में ऊंचे टैरिफ (आयात शुल्क) रख सकते हैं। इसके बदले में विकसित देशों को बौद्धिक संपदा अधिकार, सेवा व्यापार उदारीकरण और कृषि नियमों में रियायतें दी गईं। यह स्थिति अमीर देशों के लिए अधिक फायदेमंद है। वर्तमान में ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका ने टैरिफ वार छेड़ रखा है, जिससे भू-राजनीतिक तापमान बढ़ रहा है। टैरिफ वार से किसी देश का और यहां तक कि अमेरिका का भी हित नहीं सधने वाला। इससे वैश्विक व्यापार में अस्थिरता की स्थिति बनती जा रही है, जिसका प्रभाव विभिन्न देशों की अर्थव्यवस्थाओं पर भी पड़ रहा है।

अच्छी बात यह है कि भारत समेत कुछ देशों से अमेरिका के द्विपक्षीय व्यापार समझौते को लेकर वार्ता हो रही है। यह संभव है कि ऐसा समझौता करने वाला भारत पहला देश बन जाए। यदि सभी देशों को अमेरिका के साथ अलग-अलग व्यापार समझौते करने पड़ते हैं तो विश्व वहीं लौट जाएगा, जहां वह विश्व व्यापार व्यवस्था बनने के पहले था। आगे जो भी हो, यदि ट्रंप अपनी मनमानी टैरिफ नीति पर लगाम नहीं लगाते तो विश्व में आर्थिक संकट तो बढ़ेगा ही, अमेरिका को फिर से महान बनाने का नारा भी खोखला साबित होगा।

ट्रंप के अतिरिक्त टैरिफ लगाने के प्रभावों को पिछले अनुभवों से समझा जा सकता है। उन्होंने अपने पहले शासनकाल में वित्त वर्ष 2018-19 के बीच चीन से आयातित वस्तुओं पर भारी टैरिफ लगा दिया था। चीन ने इसकी शिकायत डब्ल्यूटीओ में की। इस प्रकार के व्यापार विवादों को सुलझाने के लिए डब्ल्यूटीओ की एक अपील प्रक्रिया होती है, जिसमें जज अपना फैसला सुनाते हैं, लेकिन अमेरिका ने इन जजों की नियुक्ति पर ही रोक लगाकर विवाद निपटाने की प्रणाली को ही पंगु बना दिया, जिसके परिणामस्वरूप पहले जितने वैश्विक व्यापार विवाद डब्ल्यूटीओ के जरिये हल होते थे, उनकी संख्या अब तीन गुना घट गई है। इसके चलते 166 सदस्य देशों वाले विश्व व्यापार संगठन के बारे में कहा जाने लगा कि ट्रंप ने इस संस्था को दंतविहीन कर दिया है।

editor@rokthoklekhaninews.com
+91 8657861004
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK
LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE
SHARE
COMMENT
SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# मुंबई निकाय चुनाव की सुगबुगाहट के बीच कैबिनेट विस्तार को लेकर चर्चा तेज...

**मुंबई :** महाराष्ट्र में निकाय चुनाव की सुगबुगाहट के बीच कैबिनेट विस्तार को लेकर चर्चा तेज हो गई है. 2024 का विधानसभा चुनाव भाजपा, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित पवार) और शिवसेना (शिंदे गुट) ने मिलकर लड़ा था. परिणामस्वरूप, आज तीनों पार्टियां सत्ता में हैं। इस बीच, तीनों दलों के एक साथ आने से महागठबंधन के भीतर विभिन्न कारणों से रस्साकशी की स्थिति बनी हुई है. मंत्रिमंडल विस्तार के दौरान भी इसी तरह की जद्दोजहद देखने को मिली थी. दिलचस्प बात यह है कि तीनों ही पार्टियों में मंत्री पद को भरने की होड़ मची हुई थी. इस बीच उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने एक बार फिर मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर बड़ा बयान दिया है.





अजित पवार शनिवार को हिंगोली पहुंचे थे, जहां, उन्होंने एक कार्यक्रम के दौरान कैबिनेट विस्तार को लेकर अहम टिप्पणी की. उन्होंने कहा कि मैंने वादा किया है कि मैं ढाई साल में नए लोगों को मंत्री पद दूंगा. मैं अपना वादा निभाऊंगा. इसलिए चिंता न करें. अजित पवार के इस बयान के बाद से एक बार फिर से महाराष्ट्र में ढाई साल के फॉमूर्ले को लेकर चर्चा शुरू हो गई है. हालांकि, माना यह भी जा रहा है कि अजित अपनी पार्टी और अपने नेताओं के लिए ऐसा बोल रहे थे.

दरअसल, 2024 के विधानसभा चुनाव में जब राज्य में गठबंधन की सरकार बनने वाली थी तब भी ढाई-ढाई साल के फॉमूर्ले की चर्चा बहुत ज्यादा दी. चुनाव परिणाम आने के बाद कई दिनों तक नेताओं के बीच में मंथन होता रहा. हालांकि, बीजेपी सबसे बड़ी पार्टी थी इसलिए मुख्यमंत्री पद उसे मिला और देवेंद्र फडणवीस सीएम बने. अंततः आम सहमति बनने के बाद मंत्रिमंडल विस्तार की घोषणा की गई। इस बार अजित पवार की पार्टी ने मंत्री पद देते हुए ढाई-ढाई साल का खास फॉमूर्ला तय किया था.

### वास्तव में क्या निर्णय लिया गया?

उस समय यह निर्णय लिया गया था कि जिन नेताओं को फिलहाल मंत्री पद दिया गया है, उन्हें अगले ढाई साल बाद पद छोड़ना होगा. यानी नए नेता को अगले ढाई साल बाद मंत्री बनने का मौका देने का फामूर्ला सामने रखा गया. इसी फामूर्ले का जिक्र हाल ही में अजित पवार ने हिंगोली में किया है. अजित पवार ने कहा है कि उन्होंने कहा था कि वे नए लोगों को मंत्री बनने का मौका देंगे और वे अपना वादा निभाएंगे.

### नए मंत्री पद की कुर्सी किसे मिलेगी?

अजित पवार के इस बयान के बाद अब तरह-तरह की चचाएं शुरू हो गई हैं. फडणवीस सरकार का ढाई साल का कार्यकाल पूरा होने के बाद उनके मंत्रिमंडल में क्या बदलाव होंगे? यदि परिवर्तन होंगे तो किन नये लोगों को मंत्री पद दिया जाएगा? यह चर्चा पहले ही शुरू हो चुकी है. दिलचस्प बात यह है कि अजित पवार पार्टी में असंतुष्ट नेताओं को कौन से मंत्री पद देंगे?

# मुंबई : लोगों के सब्र का इम्तिहान ले रही हैं हर मोड़ पर खुदाई, मलबा और अधूरी सड़कें...



**मुंबई :** हर गली, हर मोड़ पर खुदाई, मलबा और अधूरी सड़कें लोगों के सब्र का इम्तिहान ले रही हैं। महानगरपालिका दावा करती है कि शहर की सड़कों को कंक्रीट का बना रही है, लेकिन असल में तस्वीर कुछ और ही बयां करती है।

रिपोर्ट की मानें तो मनपा का कहना है कि ४१३ किलोमीटर सड़कें कंक्रीट की बनाई जाएंगी, लेकिन इसके लिए जिस तरह से बिना पूर्व योजना, समन्वय और पारदर्शिता के काम हो रहा है, वह कई सवाल खड़े करता है। बार-बार एक ही जगह खुदाई, बिना किसी चेतावनी के रास्ते बंद करना और निर्माण कार्यों में गुणवत्ता की भारी कमी लोगों को परेशान कर रही है।

सबसे गंभीर बात यह है कि नागरिकों की पहुंच और सुरक्षा को नजरअंदाज किया गया है। फुटपाथों का अस्तित्व जैसे खत्म हो चुका है। न तो दिव्यांगों के लिए सुविधाएं हैं, न ही बुजुर्गों या बच्चों के लिए कोई सुरक्षित रास्ता। कई इलाकों में न साइनबोर्ड हैं, न ट्रैफिक कंट्रोल, जिससे हादसों का खतरा बढ़ गया है। एक और अहम पहलू है- पारदर्शिता की कमी। नागरिक यह नहीं जान पाते कि किस ठेकेदार को काम मिला है, कब सड़क बनाई गई थी और उसकी गारंटी क्या है। विकास का अर्थ सिर्फ कंक्रीट बिछाना नहीं, बल्कि जीवन को सरल और सुरक्षित बनाना है। मनपा को चाहिए कि वह योजनाएं जमीनी हकीकत को समझकर बनाए, तकनीकी विशेषज्ञों और जनता को साथ लेकर चले।

# हार्बर लाइन पर एसी लोकल ट्रेन सेवाओं को फिर से शुरू करने की घोषणा






**मुंबई :** सेंट्रल रेलवे ने हार्बर लाइन पर वातानुकूलित (एसी) लोकल ट्रेन सेवाओं को फिर से शुरू करने की घोषणा की है। यह निर्णय छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) और ठाणे के साथ-साथ बदलापुर के बीच एसी लोकल के संचालन से प्राप्त सकारात्मक प्रतिक्रिया के बाद लिया गया है। रेलवे अधिकारियों ने हार्बर लाइन के साथ 14 नई एसी लोकल ट्रेन रूट संचालित करने की योजना का खुलासा किया है।

हार्बर लाइन पर एसी लोकल ट्रेनों को फिर से शुरू करने का कदम यात्रियों की सुविधा और सुविधा बढ़ाने के लिए मध्य रेलवे के प्रयासों का हिस्सा है। अन्य मार्गों पर एसी लोकल के सफल कार्यान्वयन के साथ, रेलवे प्रशासन हार्बर लाइन पर इन सेवाओं के स्वागत के बारे में आशावादी है। इस पहल का उद्देश्य न केवल मुंबई की अक्सर भीषण गर्मी के दौरान अधिक आरामदायक यात्रा अनुभव प्रदान करना है, बल्कि अधिक लोगों को सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना भी है, जिससे सड़कों पर भीड़भाड़ कम हो।

वहीं सेंट्रल रेलवे के अधिकारियों ने योजना के बारे में खुलासा करते हुए कहा ''छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से ठाणे और बदलापुर रूट पर शुरू की गई वातानुकूलित लोकल ट्रेनों को अच्छी प्रतिक्रिया मिलने के बाद, सेंट्रल रेलवे ने अब हार्बर लाइन पर भी एसी लोकल सेवाएं फिर से शुरू करने का फैसला किया है।'' बता दें शहर के यात्री लंबे समय से स्थानीय ट्रेन सेवाओं में सुधार की प्रतीक्षा कर रहे हैं। हार्बर लाइन पर एसी लोकल की शुरूआत से खासकर गर्मियों के महीनों के दौरान हजारों लोगों के लिए दैनिक यात्रा अधिक आसान होने की उम्मीद है।

# राज्यों में भीषण गर्मी और लू का सितम है तो दूसरी तरफ पूर्वोत्तर, पूर्वी और उसके आसपास के मध्य भारत के क्षेत्रों में आंधी, तूफान, ओलावृष्टि और बारिश का कहर जारी

**मुंबई :** भारत में मौसम में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है. एक तरफ उत्तर पश्चिम और इसके निकटवर्ती मध्य भारत के मैदानी इलाकों के राज्यों में भीषण गर्मी और लू का सितम है तो दूसरी तरफ पूर्वोत्तर, पूर्वी और उसके आसपास के मध्य भारत के क्षेत्रों में आंधी, तूफान, ओलावृष्टि और बारिश का कहर जारी है. मौसम विभाग की मानें तो ये सिलसिला अभी कुछ दिन और जारी रहने वाला है. देश का सर्वाधिक तापमान 45.5 डिग्री सेल्सियस महाराष्ट्र के विदर्भ के ब्रह्मपुरी में दर्ज किया गया, जबकि पंजाब के आदमपुर में सबसे कम 18.3 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज हुआ. दिल्ली में अधिकतम तापमान 42.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो पिछले तीन साल में सर्वाधिक है. इससे पहले, 2022 में अधिकतम तापमान 43.5 डिग्री



सेल्सियस दर्ज किया गया था. वहीं, झारखंड, बिहार, तटीय आंध्र प्रदेश, रायलसीमा, तमिलनाडु, पुडुचेरी, तटीय कर्नाटक और केरल में गर्म और चिपचिपा मौसम बना हुआ है.

**कैसा रहेगा दिल्ली,**

**यूपी का मौसम**

भारतीय मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, विदर्भ, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और झारखंड में लू का सितम का जारी है. इन राज्यों में सूरज चढ़ते ही घर से बाहर निकलना मुश्किल होता है. वहीं, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली और राजस्थान में अगले सप्ताह में अधिकतम तापमान में 1 से 3 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ने की उम्मीद है. रविवारको गोरखपुर समेत कई जिलों में ओलावृष्टि का अलजर्ट जारी किया गया है. वहीं, कई जिलों में तेज हवा और बादल गरज सकते हैं. मौसम विभाग की मानें तो सोनभद्र, चंदौली, गाजीपुर, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संतकबीरनगर, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर और उसके आसपास के इलाकों में ओलावृष्टि होने की संभावना है.

# मुंबई : ईडी कार्यालय की इमारत में भीषण आग...



**मुंबई :** दक्षिण मुंबई में एक इमारत में भीषण आग लगने की खबर है। खास बात ये है कि इसी इमारत में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का कार्यालय है। बलार्ड एस्टेट क्षेत्र में स्थित ईडी कार्यालय की इमारत में रविवार तड़के भीषण आग लगने के बाद दमकल विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। फिलहाल किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। अधिकारी नुकसान का आकलन कर रहे हैं। मुंबई की एक बहुमंजिला इमारत में आग लगने के बाद हड़कंप मच गया। इस इमारत में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का कार्यालय भी है। अधिकारियों ने बताया कि दमकल विभाग को देर रात करीब 2:31 बजे आग लगने की सूचना मिली। जिस बहुमंजिला इमारत में आग लगी वह मुंबई के कर्रिभॉय रोड पर ग्रांड होटल के पास है। अधिकारियों ने बताया कि कैसर-ए-हिंद इमारत में आग लगने की सूचना के बाद दमकल की टीमें मौके पर पहुंची और आग बुझाने का काम शुरू किया।

दमकल विभाग के मुताबिक करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद तड़के करीब 3:30 बजे तक आग पर काफी हद तक नियंत्रण पाया गया। अग्निशमन कर्मियों के मुताबिक आग लेवल-2 की थी, जिसे आम तौर पर बड़ा हादसा माना जाता है। बृहन्मुंबई महानगरपालिका के एक अधिकारी ने बताया कि आग पांच मंजिला इमारत की चौथी मंजिल तक ही सीमित रही।

**दमकल की टीम को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी, आग लगने के कारणों का पता नहीं**

आग बुझाने की कवायद में आठ दमकल गाड़ियां, छह जंबो टैंकर, एक एरियल वाटर टावर टेंडर समेत कई अन्य उपकरणों का भी इस्तेमाल किया गया। घटनास्थल पर एंबुलेंस को भी तैनात किया गया है। दमकल अधिकारी ने बताया कि आग लगने का कारण अभी पता नहीं चल पाया है।

# मुंबई के चार साइबर पुलिस स्टेशनों में कुल 2,002 ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी के मामले दर्ज

**मुंबई :** मुंबई शहर में ऑनलाइन ठगी के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, २०२१ से अप्रैल २०२५ तक, मुंबई के चार साइबर पुलिस स्टेशनों में कुल २,००२ ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी के मामले दर्ज हुए। लेकिन इतने सारे मामलों में से सिर्फ दो मामलों में ही आरोपी दोषी साबित हो सके हैं। यह आंकड़ा चिंता बढ़ाने वाला है। रिपोर्ट के अनुसार, पश्चिमी इलाके में लोगों को सबसे ज्यादा चूना लगाया गया, जहां ३३५.६ करोड़ रुपए की ठगी हुई। इसके बाद पूर्वी इलाके में १९८.३ करोड़ रुपए, दक्षिण मुंबई में १५५.९ करोड़ रुपए और मध्य मुंबई में १३३.४ करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। इन मामलों में फर्जी निवेश योजना, नौकरी दिलाने का झांसा, नकली बिजली बिल, क्रिप्टोकरेंसी फ्रॉड, सेक्सटॉर्शन और शादी के नाम पर धोखाधड़ी जैसे तरीके इस्तेमाल किए गए।

हालांकि सरकार और पुलिस विभाग साइबर अपराधियों से निपटने के लिए नए कदम उठा रहा है। साइबर लैब्स बनाना, पुलिसकर्मियों को ट्रेनिंग देना और साइबर कमांडो तैयार करना जैसी योजनाएं शुरू हो चुकी हैं। लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि जब तक जांच प्रणाली को और मजबूत नहीं किया जाएगा और डिजिटल सबूतों को सुरक्षित करने में तेजी नहीं लाई जाएगी, तब तक दोषियों को सजा दिलाना आसान नहीं होगा। आज जरूरत है कि तकनीक के साथ कदम से कदम मिलाकर काम किया जाए ताकि मुंबई के नागरिक डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रह सकें।



**जांच में कई बड़ी मुश्किलें**

रिपोर्ट बताती है कि साइबर अपराधियों को पकड़ना इसलिए भी मुश्किल हो रहा है क्योंकि वे अलग-अलग राज्यों से अपराध करते हैं। देर से शिकायत दर्ज कराना, डिजिटल सबूतों को समय पर सुरक्षित न कर पाना और तकनीकी जानकारी की कमी से जांच कमजोर पड़ जाती है। इसके अलावा, पुलिसकर्मियों की सही ट्रेनिंग न होना, स्टाफ की कमी और बार-बार अधिकारियों के तबादले भी दोषियों को सजा दिलाने में बाधा बनते हैं।

# शिक्षा के नाम पर धोखा, भिवंडी में अवैध स्कूलों की भरमार

**भिवंडी :** भिवंडी निजामपुर शहर महानगरपालिका ने शहर में बिना सरकारी अनुमति के चल रही 18 अवैध प्राथमिक और माध्यमिक शालाओं की सूची सार्वजनिक करते हुए नागरिकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों का प्रवेश इन स्कूलों में न कराएं, अन्यथा बच्चों का शैक्षणिक नुकसान हो सकता है। महानगरपालिका के प्राथमिक शिक्षा विभाग के अनुसार, इन स्कूलों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। संबंधित संचालकों को नोटिस भेजी जा चुकी है और शीघ्र ही उनके विरुद्ध फौजदारी मामले भी दर्ज किए जाएंगे।

# मुंबई : उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के खिलाफ बयान को लेकर कामरा के खिलाफ पुलिस जांच जारी; गिरफ्तार नहीं किया जाएगा

**मुंबई :** बॉम्बे हाई कोर्ट ने कॉमेडियन कुणाल कामरा की गद्दार वाली टिप्पणी मामले में अहम फैसला सुनाया। अदालत ने कहा कि महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के खिलाफ बयान को लेकर कामरा के खिलाफ पुलिस जांच जारी रह सकती है, लेकिन उन्हें गिरफ्तार नहीं किया जाएगा। जस्टिस सारंग कोतवाल और जस्टिस एसएम मोदक की पीठ ने कामरा की उस याचिका को स्वीकार कर लिया, जिसमें



अदालत से अपील करते हुए कहा गया कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध से संबंधित बड़े और गंभीर मुद्दों पर विचार करने की आवश्यकता है। कोर्ट ने कहा कि वह यहां खार थाने में कॉमेडियन के खिलाफ दर्ज मामले की जांच पर पूरी तरह रोक लगाने के पक्ष में नहीं है। अदालत ने कहा कि जांच जारी रह सकती है, हालांकि याचिकाकर्ता को गिरफ्तार करना जरूरी नहीं है। कोर्ट ने कहा कि अगर पुलिस याचिका के लंबित रहने के दौरान मामले में आरोपपत्र दाखिल करती है तो निचली अदालत उसका संज्ञान नहीं लेगी। पीठ ने कहा कि कामरा का बयान चेन्नई में दर्ज किया जा सकता है।

# मुंबई : म्हाडा के ग्रैंड लिस्ट में ४९ विजेताओं को अयोग्य घोषित

**मुंबई :** म्हाडा के मुंबई बिल्डिंग रिपेयर एंड रिकंस्ट्रक्शन बोर्ड द्वारा दिसंबर २०२३ में निकाली गई ग्रैंड लिस्ट (विस्तृत सूची) में २६५ घरों के ड्रॉ में अनियमितताओं की जांच आखिरकार पूरी हो गई है। रिपेयर बोर्ड द्वारा जांच रिपोर्ट म्हाडा प्राधिकरण को सौंप दी गई है और ४९ विजेताओं को अयोग्य घोषित कर दिया गया है। इन विजेताओं पर फर्जी दस्तावेज जमा करने का आरोप लगाया गया था। चूंकि जांच के दौरान इन विजेताओं के मूल दस्तावेज जमा नहीं किए गए थे इसलिए म्हाडा ने उन्हें अयोग्य घोषित करके घर वितरण को रद्द कर दिया। ये अपात्र निवासी म्हाडा उपाध्यक्ष के समक्ष अपील कर सकते हैं। ध्वस्त या अत्यधिक खतरनाक इमारतों




के निवासियों को मरम्मत बोर्ड के ट्रांजिट वैंष्प में स्थानांतरित कर दिया जाता है। ढह गई या अत्यधिक खतरनाक इमारत के पुनर्विकास के बाद इन निवासियों को उनके सही घर वितरित किए जाते हैं। हालांकि, इसी समय कुछ निवासियों की इमारतों का विभिन्न कारणों से पुनर्विकास नहीं हो पाता है और उन्हें ट्रांजिट कैंपों में रहना पड़ता है। ऐसे निवासियों को पात्र घर उपलब्ध कराने के लिए सुधार मंडल ने एक व्यापक सूची तैयार की है।

# परभणी: सात लाख करोड़ रुपये के बजट में से राज्य सरकार 3.5 लाख करोड़ रुपये कर्मचारियों के वेतन, पेंशन और ऋण पर खर्च - अजित पवार

**परभणी: महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री अजित पवार ने परभणी के दौरे के दौरान बजट के पैसों का वितरण कैसे हो रहा है, इस बात का खुलासा किया। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने कहा कि सात लाख करोड़ रुपये के बजट में से राज्य सरकार 3.5 लाख करोड़ रुपये कर्मचारियों के वेतन, पेंशन और ऋण पर खर्च कर रही है, जबकि 65,000 करोड़ रुपये लाडकी बहिन योजना और किसानों के लिए बिजली माफी योजना पर खर्च किए जा रहे हैं।**



उन्होंने कहा कि इन मदों के तहत 4.15 लाख करोड़ रुपये खर्च किए जाने के बाद शेष राशि विकास कार्यों में खर्च की जा रही है। परभणी में अपनी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) की एक बैठक को संबोधित करते हुए पवार ने यह भी कहा कि पार्टी के जो कार्यकर्ता राजनीतिक नेता बनना चाहते हैं, उन्हें (सरकारी कार्यों के लिए) ठेकेदार नहीं बनना चाहिए।

राज्य सरकार के व्यय के बारे में बात करते हुए, वित्त मंत्री अजित पवार ने कहा, ''सरकार किसानों के लिए बिजली बिल माफी योजना के तहत महाराष्ट्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (एमएसईडीसीएल) को 17,000 से 20,000 करोड़ रुपये दे रही है। राज्य को एक साल में लाडकी बहिन योजना के लिए 45,000 करोड़ रुपये की जरूरत है।'' उन्होंने कहा, ''राज्य का बजट परिव्यय 7 लाख करोड़ रुपये है, जिसमें से 3.5 लाख करोड़ रुपये वेतन, पेंशन और ऋण चुकाने पर खर्च किए जाते हैं, जबकि 65,000 करोड़ रुपये उपरोक्त दो (लाडकी बहिन और बिल माफी) योजनाओं पर खर्च किए जाते हैं। शेष राशि से हम राज्य के विकास कार्यों में खर्च करने की कोशिश कर रहे हैं।''

**शिक्षा और कृषि क्षेत्र पर ध्यान**

अजित पवार ने कहा हम शिक्षा और कृषि क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। राज्य सरकार द्वारा कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग को प्रोत्साहित किया जा रहा है। केंद्र सरकार महाराष्ट्र को 50 साल के लिए ब्याज मुक्त ऋण देने जा रही है। सरकार ने बिजली बिलों की माफी की पेशकश की है ताकि हमारे किसान खुशी से रह सकें।

## मुंबई : मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बेस्ट द्वारा संचालित नई इलेक्ट्रिक एसी बस सेवा, रूट ए-30 का किया उद्घाटन



**मुंबई :** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने स'ाद्री गेस्ट हाउस में आयोजित एक समारोह में बेस्ट (बृहन्मुंबई इलेक्ट्रिक सप्लाई एंड ट्रांसपोर्ट) द्वारा संचालित नई इलेक्ट्रिक एसी बस सेवा, रूट ए-30 का उद्घाटन किया। यह सेवा विक्रोली डिपो से शुरू होकर मुंबई सेंट्रल तक जाती है, जो मुंबईकरों के लिए आधुनिक, पर्यावरण के अनुकूल आवागमन का विकल्प प्रदान करती है। यह आयोजन मुंबई के सार्वजनिक परिवहन परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण कदम था। सीएम फडणवीस ने आधिकारिक तौर पर इलेक्ट्रिक बस को हरी झंडी दिखाई और खुद वाहन पर सवार होकर और टिकट खरीदकर प्रतीकात्मक रूप से सेवा का शुभारंभ किया, जिससे टिकाऊ शहरी गतिशीलता के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया जा सके।

## अनधिकृत होर्डिंग-बैनर्स पर मनपा की बड़ी कार्रवाई!




**भिवंडी :** भिवंडी-निजामपुर शहर महानगरपालिका प्रशासन ने शहर की सुंदरता बिगाड़ने वाले अनधिकृत होर्डिंग, बैनर और पोस्टरों के खिलाफ सख्त रवैया अपनाया है। आयुक्त तथा प्रशासक अनमोल सागर के स्पष्ट आदेश के तहत यह कार्रवाई तेजी से शुरू कर दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अतिक्रमण विभाग के उपायुक्त विक्रम दराड़े के मार्गदर्शन में 23 अप्रैल से 25 अप्रैल तक विशेष मुहिम चलाई गई। इस दौरान प्रभाग समिति क्रमांक 1 से 5 के अंतर्गत कुल 271 बैनर्स, 217 पोस्टर्स और 357 विभिन्न प्रकार के झंडे हटाकर जब्त किए गए। यह सारा सामान कोंनवाडा में जमा किया गया है। मनपा आयुक्त अनमोल सागर ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि आगे किसी ने शहर में बिना अनुमति कोई भी बैनर, पोस्टर या झंडा लगाया तो उसके खिलाफ Maharashtra Prevention of Defacement of Property Act, 1991 के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस विशेष अभियान को सभी प्रभाग अधिकारियों एवं बिट निरीक्षकों ने मिलकर सफलतापूर्वक अंजाम दिया। मनपा प्रशासन ने नागरिकों से भी अपील की है कि वे शहर की सुंदरता बनाए रखने में सहयोग करें और भविष्य में अनधिकृत विज्ञापन सामग्रियाँ न लगाएँ।

## मुंबई : अवैध पार्किंग को लेकर याचिकाकताओं को हाई कोर्ट की फटकार...



**मुंबई :** मुंबई हाई कोर्ट ने विक्रोली स्टेशन पर अवैध पार्किंग को लेकर हाई कोर्ट में याचिका दायर करने वाले याचिकाकताओं को फटकार लगाई है। हाई कोर्ट ने कहा कि आप भी लोगों में अवैध पार्किंग के बारे में जागरूकता पैदा कर सकते हैं।

सिर्फ शिकायत करने और अधिकारियों पर उंगली उठाने की बजाय, जनभावना वाले लोगों को समस्या का समाधान निकालना चाहिए। इसके लिए हाई कोर्ट ने सख्ती से कहा कि सुबह १० बजे से शाम ५ बजे के बीच अवैध पार्किंग के बारे में लोगों में जागरूकता पैदा करें। दिगंबर मुंगेकर और कुछ अन्य लोगों ने एडवोकेट यतिन शाह के माध्यम से मुंबई हाई कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि विक्रोली रेलवे स्टेशन रोड के पास अवैध पार्किंग की जा रही है और इस पार्किंग से असुविधा हो रही है। इस याचिका पर मुख्य न्यायाधीश आलोक अराधे और न्यायमूर्ति मकरंद कर्णिक की पीठ के समक्ष सुनवाई हुई।


## ठाणे : मुस्लिम समुदाय के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट करने पर युवक गिरफ्तार



**ठाणे :** सोशल मीडिया में मुस्लिम समुदाय के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट करने पर ठाणे के कासारवडवली में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि एक ठेकेदार की शिकायत पर आरोपी विनोद बोरसे (24) की गिरफ्तारी शुक्रवार को की गई। उसके खिलाफ धर्म, जाति, जन्म स्थान, निवास, भाषा आदि के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना और सद्भाव बिगाड़ने के लिए काम करने के आरोप लगाए हैं। मामले की जांच जारी है।

## मुस्लिम फेरीवालों का नाम पूछकर पिटाई...

### 10 लोगों पर एफआईआर दर्ज




**मुंबई :** दादर इलाके में मुस्लिम फेरीवालों के साथ मारपीट के मामले में भाजपा नेत्री अक्षरा तेंडुलकर समेत उनके नौ साथियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। यह एफआईआर शौरभ मिश्रा नामक व्यक्ति की शिकायत पर दादर पुलिस द्वारा दर्ज की गई है। शिकायत के अनुसार, पहलगाम आतंकी हमले के बाद इस घटना को अंजाम दिया गया, जिसमें अक्षरा तेंडुलकर ने अपने समर्थकों के साथ मिलकर मुस्लिम फेरीवालों से उनके नाम पूछे और फिर उनके साथ मारपीट की।

घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें अक्षरा तेंडुलकर और अन्य लोगों को फेरीवालों के साथ दुर्व्यवहार करते हुए देखा जा सकता है। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने गंभीरता से मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 189(2), 191(2), 115(2), 351(2), 352 और महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम की धारा 37(1) और 135 के तहत केस दर्ज किया है।

फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और सभी आरोपियों से पूछताछ जारी है। शुरूआती जानकारी के मुताबिक, पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज भी जब्त कर लिए हैं ताकि घटना के पूरे क्रम को स्पष्ट किया जा सके।

## लातूर : दो गुटों के बीच हुई झड़प; शिक्षक की हत्या!

**लातूर :** महाराष्ट्र के लातूर जिले के निलंगा तहसील में शनिवार को दो गुटों के बीच हुई झड़प के दौरान खेत में काम कर रहे एक शिक्षक की गलत पहचान कर हत्या कर दी गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। यह झड़प औंधा गांव में बाबासाहब आंबेडकर की जयंती के जुलूस के दौरान हुए विवाद के चलते हुई थी, जिसे हर साल 14 अप्रैल को मनाया जाता है। कासर सिरसी पुलिस थाने के एक अधिकारी के मुताबिक, शुक्रवार को जुलूस के दौरान गलतफहमी से दोनों पक्षों में बहस हो गई थी। बहस से बढ़कर हिंसा तक पहुंची बात

पुलिस अधिकारी ने बताया कि शनिवार को जब इस बहस पर फिर से बातचीत शुरू हुई, तो मामला झगड़े में बदल गया। इसी दौरान बदूर गांव के शिक्षक गुरुलिंग अशोक हासद्रे (38) अपने खेत में काम कर रहे थे, उन्हें एक गुट ने गलती से दुश्मन पक्ष का सदस्य समझकर हमला कर दिया। हासद्रे पर बेरहमी से हमला किया गया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। बाद में उनकी मौत हो गई। सब इंस्पेक्टर अजय पाटिल ने जानकारी दी कि इस मामले में दस लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है, जिनमें से एक की पहचान अभी नहीं हो सकी है।



# कैसे बनाएं फिल्म इंडस्ट्री में अपना करियर?

**फिल्म में करियर बनाने का सपना कई लोगों का होता है। अगर आप भी फिल्म इंडस्ट्री में अपना करियर बनाना चाहती हैं तो इसके लिए जरूरी है कि आपको कुछ जानकारी जरूर होनी चाहिए।**

कई लोगों का फिल्म देखना पसंद होता है तो वहीं कुछ लोग यह चाहते हैं कि वह भी फिल्म इंडस्ट्री में अपना करियर बना पाएं। आप आसानी से इस ग्लैमर्स इंडस्ट्री में अपना करियर बना सकती हैं। इसके लिए सबसे पहले आपको यह डिसाइड करना चाहिए कि आप फिल्म इंडस्ट्री में किस फील्ड में अपना करियर बनाना चाहते हैं। इसके बाद आप धीरे-धीरे उस फील्ड में काम को सीख कर अपना करियर बना सकती हैं।

## इन कोर्स में करें अप्लाई

- एक्टिंग कोर्स
- फिल्म निर्देशक कोर्स
- फिल्म प्रोडक्शन कोर्स
- सॉउंड रिकॉर्डिंग एंड इंजीनियरिंग
- वीडियो प्रोडक्शन
- विजुअल कम्युनिकेशन
- सिनेमेटोग्राफी
- लाइटनिंग एंड कैमरा
- वॉइस ओवर आर्टिस्ट

## कला निर्देशन/सेट डिजाइनिंग

आप जिस भी फील्ड में कोर्स करती हैं उसमें आपको के विषय बारे में बेहतर तरह से बताया जाता है और आप कोर्स करने के बाद किसी टीवी शो या फिर फिल्म में इंटर्नशिप कर सकती हैं। फिल्म इंडस्ट्री में हर कोर्स की फीस अलग-अलग होती है। आपको बता दें कि यह फीस लगभग 80,000 रुपये से लेकर 1, 50,000 रुपये प्रतिवर्ष तक होती है। इन पाठ्यक्रमों की समय अवधि 6 माह से दो वर्ष तक की होती है।

## किस कॉलेज से करें पढ़ाई?

अगर आप इन कोर्स को करना चाहते हैं तो आप इन कॉलेज में अप्लाई कर सकती हैं।

- फिल्म इंस्टीट्यूट, पुणे
- नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा, नई दिल्ली
- सत्यजीत रे फिल्म इंस्टीट्यूट, कोलकाता
- दिल्ली फिल्म इंस्टीटयूट, नई दिल्ली
- एशियन एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन, नोएडा
- सुभाष घई की व्हिसलिंग वुड्स इंटरनेशनल
- अनुपम खेर की एक्टर प्रिपेयर्स इंस्टीटयूट

इनके अलावा भी तमाम तरह के कोर्स फिल्म इंडस्ट्री में करियर बनाने के लिए संचालित किए जाते हैं। आपको जिस भी सेक्टर में रुचि हो उसमें एडमिशन ले सकती हैं। अगर इंटर्नशिप के दौरान आपने अच्छा परफॉर्म करती हैं तो आपको इस दौरान जॉब ऑफर हो सकती है।

## अगर एक्टिंग में है इंटरेस्ट

अगर आप फिल्मों में अभिनय करना चाहती हैं तो आपको एक्टिंग कोर्स पूरा करना होगा। इस कोर्स को अगर आप किसी अच्छे कॉलेज से करती हैं तो वह आपके लिए ज्यादा बेहतर होगा क्योंकि वहां पर आप प्रैक्टिकली चीजों को समझ पाएंगी और अच्छे कॉलेज या फिल्म इंस्टीट्यूट में आपको फिल्में या शो भी ऑफर किए जाते हैं। जिसमें आप काम कर सकती हैं और अपनी एक्टिंग की स्किल्स को बेहतर बना सकती हैं। इस फील्ड में आपके पास जितना ज्यादा एक्सपीरियंस होगा आपका करियर उतना बेहतर होने की संभावना होती है।





# गेमिंग इंडस्ट्री में नौकरी के मिलेंगे बेहतरीन अवसर

**समय के साथ ही कोर्सेज और नौकरी के अवसरों में काफी बदलाव आ चुका है। ऐसे में आप गेमिंग इंडस्ट्री में भी अपना शानदार कॅरियर बना सकते हैं। ऐसे में आप 12वीं के बाद एनीमेशन, गेम राइटर, गेम डिजाइनिंग या गेम डेवलपर कोर्स कर सकते हैं।**


आजकल के युवा अपने कॅरियर को लेकर काफी परेशान रहते हैं। लेकिन बता दें कि इंजीनियरिंग और मेडिकल के अलावा भी कई ऐसे कोर्सेज हैं, जिनको करने के बाद आप अपने कॅरियर को नई उड़ान दे सकते हैं। साथ ही इन कोर्स को करने में कम पैसा खर्चा होता है। साथ ही इन कोर्स को करने के बाद आप जॉब के अलावा अपना खुद का बिजनेस भी शुरूकर सकते हैं। आपको बता दें कि समय के साथ ही कोर्सेज और नौकरी के अवसरों में काफी बदलाव आ चुका है। ऐसे में आप गेमिंग इंडस्ट्री में भी अपना शानदार कॅरियर बना सकते हैं। आज के दौर में न सिर्फ बच्चे बल्कि बड़े लोगों के बीच भी गेम खेलने का शौक देखने को मिलता है। इस दौर में हर कोई ऑनलाइन गेम खेलना पसंद करता है। जिसके कारण यह फील्ड अरबों डॉलर का हो गया है। ऐसे में अगर आप भी उन लोगों में शामिल हैं, जो रोजाना कई घंटे गेम खेलते हुए अपना समय कंप्यूटर या मोबाइल पर बिताते हैं। ऐसे में आप भी इस फील्ड में कॅरियर बनाकर अच्छी सैलरी उठा सकते हैं। आपको बता दें कि आप 12वीं के बाद एनीमेशन, गेम राइटर, गेम डिजाइनिंग या गेम डेवलपर कोर्स कर सकते हैं। ऐसे में अगर आप भी इस फील्ड में जाना चाहते हैं। तो आप किसी भी यूनिवर्सिटी या संस्थान से गेमिंग में डिप्लोमा, सर्टिफिकेट और स्नातक की डिग्री का कोर्स कर सकते हैं।

## यहां हैं जॉब ऑप्शन

हांलाकि अब गेमिंग इंडस्ट्री में कॅरियर बनाना काफी आसान हो गया है। ऐसे में आप भी ऊपर बताए गए कोर्स को करने के बाद इस फील्ड में अपना भविष्य बना सकते हैं। इस फील्ड में आप गेम डिजाइनर, एनिमेटर, ऑडियो प्रोग्रामर, ग्राफिक प्रोग्रामर, गेम प्रोड्यूसर, स्पोर्टस प्रोफेशनल्स, मैनेजर्स, कास्टर्स, स्ट्रीमर्स, इंफ्यूएंसस बन सकते हैं। इसके अलावा आजकल मॉल्स आदि में भी गेम जोन बने होते हैं। जिनसे अच्छी खासी कमाई की जा सकती है।

## कोर्स

- बीए (ऑनर्स) कंप्यूटर गेम्स डिजाइन
- बीएससी इन एनीमेशन एवं गेमिंग
- यूआइ/यूएक्स डिजाइनिंग
- बीएससी इन गेमिंग
- बीएससी इन एनिमेशन गेम डिज़ाइन



# इलाहाबाद हाईकोर्ट के बाद अब कलकत्ता हाईकोर्ट का विवादित निर्णय

## नाबालिग के ब्रेस्ट छूना रेप की कोशिश नहीं

**कोलकाता (एजेंसी)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के बाद अब कलकत्ता हाईकोर्ट ने कहा है कि नशे की हालत में नाबालिग लडक़ी के ब्रेस्ट छूने की कोशिश करना, प्रिवेंशन ऑफ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्शुअल ऑफेंस एक्ट के तहत रेप की कोशिश नहीं है। हालांकि, कोर्ट ने इसे गंभीर यौन उत्पीडऩ की कोशिश माना लेकिन आरोपी को जमानत दे दी। मामले की सुनवाई जस्टिस अरिजीत बनर्जी और जस्टिस बिस्वरूप चौधरी की डिवीजन बेंच (खंडपीठ) कर रही थी।

दरअसल, ट्रायल कोर्ट ने आरोपी को पॉक्सो एक्ट की धारा 10 और आईपीसी की धारा 448/376(2)(सी)/511 के तहत दोषी ठहराया था। कोर्ट ने उसे 12 साल जेल और 50 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई थी। इसके खिलाफ आरोपी ने ऊपरी अदालत याचिका लगाई थी। इसके साथ ही आरोपी ने कहा था दो साल से ज्यादा समय तक जेल में बंद होने का तर्क देकर जमानत मांगी थी। इससे पहले इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भी 19 मार्च को इसी तरह का फैसला दिया था। कोर्ट ने कहा था कि किसी नाबालिग के ब्रेस्ट पकडऩा, उसके पायजामे का नाड़ा तोडऩा या घसीटकर पुलिया के नीचे ले जाने की कोशिश रेप या रेप की कोशिश नहीं है।



### कोर्ट ने माना- पेनेट्रेशन के सुबूत नहीं

आरोपी ने अपनी याचिका में कहा था कि उसे झूठे मामले में फंसाया गया है। सबूत बलात्कार की कोशिश के आरोप का समर्थन नहीं करते हैं। भले ही पीड़ित, जांच करने वाले डॉक्टर और अन्य गवाहों के सबूतों को सच मान लिया हो लेकिन आरोप साबित नहीं होते हैं। आरोपी के वकील ने तर्क दिया कि पेनेट्रेशन के बिना आईपीसी की धारा 376 के तहत अपराध नहीं माना जा सकता है। ज्यादा से ज्यादा पॉक्सो एक्ट की धारा 10 के तहत गंभीर यौन उत्पीडऩ का मामला बन सकता है। इसके लिए निर्धारित सजा 5 से 7 साल है। वकील ने कहा कि आरोपी ने सजा का का एक बड़ा हिस्सा पूरा कर लिया है, इसलिए उसे जमानत मिलनी चाहिए। इस पर कोर्ट ने पाया कि पीड़ित के दिए सुबूतों में पेनेट्रेशन के संकेत नहीं मिलते। इस पर कोर्ट ने माना कि स्तन पकडऩे की कोशिश बलात्कार की कोशिश के बजाय गंभीर यौन उत्पीडऩ का मामला हो सकता है।

# सीमा हैदर की मोदी और योगी से अपील, बेशक पाकिस्तान की बेटी थी लेकिन अब बहू भारत की

मेरठ (एजेंसी)। सीमा हैदर 2023 में सीमाओं को पार करने वाली एक प्रेम कहानी के लिए लोकप्रिय हो गई। पाकिस्तान से चार बच्चों की मां सीमा ने तब सुर्खियां बटोरीं जब वहां कोराना के दौरान ऑनलाइन मिले भारतीय व्यक्ति सचिन मीना के साथ रहने के लिए नेपाल के रास्ते अवैध रूप से भारत में आ गई। उनका आभासी रोमांस वास्तविक जीवन के प्यार में बदला और 2024 में उनकी शादी और उनकी बेटी भारती के जन्म का कारण बना। पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तानियों को उनके देश वापस भेजने के केंद्र के आदेश के बाद सीमा ने प्रधानमंत्री और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से भारत में रहने देने की गुहार लगाकर कहा कि वह बेशक पाकिस्तान की बेटी थी लेकिन अब बहू भारत की है। सीमा का दावा है कि सचिन से शादी के बाद हिंदू धर्म अपना लिया है। सीमा ने एक वीडियो साझा किया जिसमें एक व्यक्ति उससे कुछ पूछता है। इस पर सीमा कहती है, ''मैं पाकिस्तान नहीं जाना चाहती सर। इसके बाद व्यक्ति पूछता है कि मोदी (प्रधानमंत्री) जी से क्या गुहार लगाना चाहेंगी। इस पर सीमा कहती हैं कि मैं यही गुहार लगाना चाहूंगी मोदी और योगी जी से कि मैं इनकी शरण में हूं, मैं इनकी अमानत हूं, बेटी पाकिस्तान की थी लेकिन बहू भारत की हूं। मुझे यहां रहने दिया जाए। इसी साल सीमा ने 18 मार्च को एक बेटी को जन्म दिया था। पाकिस्तान के सिंध प्रांत निवासी सीमा मई 2023 में कराची में अपने घर को छोड़कर बच्चों के साथ नेपाल के रास्ते भारत आ गई थी। सीमा ने जुलाई में तब सुर्खियां बटोरीं, जब भारतीय अधिकारियों ने रबूपुरा इलाके में 27 वर्षीय सचिन के साथ रहते पकड़ा।

# महाराष्ट्र में 5023 पाकिस्तानी नागरिक, 107 लापता, 51 पाकिस्तानियों के पास वैध वीजा और दस्तावेज- गृह राज्य मंत्री

**– नागपुर में 2 हजार 458 और ठाणे शहर में मिले 1106 पाकिस्तानी नागरिक**

**मुंबई (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले के बाद पूरे देश में गुस्से की लहर है। कहा जा रहा है कि इस हमले के पीछे पाकिस्तान का हाथ है। वहीं भारत ने भी पाकिस्तान को करारा जवाब देने के लिए मजबूत तैयारी शुरू कर दी है। केंद्र सरकार ने घोषणा की थी कि पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए सभी 18 प्रकार के वीजा 27 अप्रैल से रद्द कर दिए गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जहां निर्दोष भारतीयों की हत्या करने वाले आतंकियों को दफनाने की चेतावनी दी है, वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी देश के सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को अहम निर्देश देते हुए कहा कि वे सुनिश्चित करें कि केंद्र सरकार द्वारा दी गई समय सीमा समाप्त होने के बाद कोई भी पाकिस्तानी नागरिक देश में न रहे। उन्हें यह भी निर्देश दिया गया है कि वे पाकिस्तानी नागरिकों को ढूंढें और सुनिश्चित करें कि वे तुरंत वापस लौटें। अमित शाह के इस आदेश के बाद महाराष्ट्र पुलिस भी हरकत में आ गई। राज्य के 48 शहरों में कुल 5023 पाकिस्तानी नागरिक मिले हैं, यह जानकारी गृह राज्य मंत्री योगेश कदम ने दी है। इसमें सबसे ज्यादा 2 हजार 458 पाकिस्तानी नागपुर शहर में और 1106 पाकिस्तानी नागरिक ठाणे शहर में मिले हैं। जबकि जानकारी सामने आई है कि 14 पाकिस्तानी नागरिक मुंबई में रह रहे हैं वहीं 107 पाकिस्तानी पुलिस या अन्य संस्थाओं की पकड़ से बाहर हैं यानि वे लापता हैं। पुलिस और भारतीय एजेंसियां ??उनसे संपर्क कर उन्हें वापस पाकिस्तान भेजना चाहती हैं, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो पा रहा है या वे मिल नहीं रहे हैं, ऐसा योगेश कदम ने कहा है।

### पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजने की कार्रवाई युद्धस्तर पर- देवेंद्र फडणवीस

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि महाराष्ट्र में पाकिस्तानी नागरिकों की सूची मिल गई है और महाराष्ट्र के हर पुलिस थाने को इसकी जानकारी दी जा रही है। इस बात का पूरा ध्यान रखा जा रहा है कि कोई भी पाकिस्तानी नागरिक 48 घंटे से ज्यादा महाराष्ट्र में न रहे। इस पूरी प्रक्रिया पर नजर रखी जा रही है और जो भी इससे ज्यादा समय तक रुका, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से इस बारे में चर्चा की गई है और उनके द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार यह कार्रवाई की जाएगी। इस देश में हमेशा ऐसा होता आया है, चाहे दुश्मन का हमला हो या देश पर कोई संकट, सभी राजनीतिक दल हमेशा साथ रहे हैं। स्वर्गीय अटल जी ने स्वर्गीय इंदिरा जी को पूरा समर्थन दिया था।

# सीएम रेवंत रेड्डी की अपील कहा- पाकिस्तान के दो टुकड़े करें एक पीओके भारत में शामिल करें

**हैदराबाद (एजेंसी)।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने पाकिस्तान पर जमकर गुस्सा निकाला है। उन्होंने एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पाकिस्तान पर हमला कर उसके दो टुकड़े कर देना चाहिए। एक टुकड़े को यानी पीओके को भारत में शामिल कर हमेशा के झंझट से मुक्ति पा लेना चाहिए। बता दें कि अभी तक ऐसी मांगें सिर्फ सत्ता पक्ष की तरफ से हुआ करती थी, लेकिन पाकिस्तान को लेकर इतना गुस्सा है कि विपक्ष भी सुर में सुर मिलाने लगा है।

आतंकी हमलों के विरोध में हैदराबाद में एक कैंडललाइट मार्च में अपने भाषण के दौरान रेड्डी ने कहा, ऐसे समय में, जब आतंकवादियों ने हमारे साथी नागरिकों पर हमला किया है, देश के सभी 140 करोड़ लोगों ने इस हमले को दिल से लिया है। अब इसका कड़ा जवाब देने का समय है। उन्होंने आगे कहा, तेलंगाना से 4 करोड़ लोग और दुनिया के कम से कम 100 देशों के प्रतिनिधि एक साथ खड़े हैं और आतंकवाद के खिलाफ लड़ रहे हैं। हम इस लड़ाई में अपने प्रधानमंत्री का समर्थन करेंगे।



### पाकिस्तान को जवाब देने का बेहतर समय

रेवंत रेड्डी ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी जी, 1967 में जब चीन ने हमला किया था तो इंदिरा जी ने मजबूती से जवाब दिया था। फिर 1971 में जब पाकिस्तान ने हमला किया तो इंदिरा जी ने मुंहतोड़ जवाब दिया और पाकिस्तान को दो हिस्सों में बांटकर बांग्लादेश बनाया। अब पाकिस्तान को उसकी हरकतों के लिए जवाब देने का समय आ गया है। हमें निर्णायक कदम उठाने चाहिए। बातचीत का समय खत्म हो गया है। अब मुंहतोड़ जवाब देने का समय आ गया है।मार्च में शामिल ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने एक्स पर लिखा, हम सभी आतंकवाद के खिलाफ एकजुट हैं। रेवंत रेड्डी और हजारों भारतीय नागरिकों के साथ मैंने कायरतापूर्ण पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ मोमबत्ती मार्च में भाग लिया। इससे पहले गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घोषणा की कि भारत पहलगाम नरसंहार में शामिल हर आतंकवादी और उनके समर्थकों की पहचान करेगा, उनका पता लगाएगा और उन्हें दंडित करेगा। पीएम मोदी ने कहा कि आतंकियों ने की सोच से अधिक कठिन सजा दी जाएगी।प्रधानमंत्री ने अपने भाषण के दौरान कहा, दोस्तों आज बिहार की धरती से मैं पूरी दुनिया से कहता हूं कि भारत हर आतंकवादी और उनके समर्थकों की पहचान करेगा। उनका पता लगाएगा और उन्हें दंडित करेगा। हम उनका पीछा दुनिया के छोर तक करेंगे।

# होटल में ठहरे ओमान के 5 नागरिकों के पास नहीं मिले जरुरी दस्तावेज, होटल मालिक पर एफआईआर

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के गोमती नगर स्थित होटल वियाना में ठहरे पांच ओमान नागरिकों को लेकर बवाल मच गया है। पुलिस ने होटल मालिक और मैनेजर के खिलाफ विदेशी नागरिकों को बिना अनुमति और एफआरआरओ (विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय) को सूचना दिए ठहराने के आरोप में एफआईआर दर्ज की है। जानकारी के अनुसार, ओमान की दो महिलाओं समेत कुल पांच नागरिक 14 अप्रैल से होटल में ठहरे हुए थे। जांच में सामने आया कि इन विदेशी नागरिकों के पास जरूरी दस्तावेज अधूरे थे। वहीं होटल वियाना विदेशी मेहमानों को ठहराने के लिए पंजीकृत भी नहीं था। बताया जा रहा है कि ओमानी नागरिक टूरिस्ट वीजा पर भारत आए थे, लेकिन उनकी गतिविधियां संदिग्ध पाई गईं। इंटेलिजेंस इनपुट के आधार पर पुलिस और प्रशासन ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए होटल में दबिश दी और पूछताछ शुरू की। एफआईआर में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि होटल प्रशासन ने न तो विदेशी नागरिकों के आने की जानकारी एफआरआरओ को दी, और न ही उनकी दस्तावेजी जांच सही तरीके से की। यह सुरक्षा के लिहाज से गंभीर चूक मानी जा रही है। फिलहाल विदेशी नागरिकों से पूछताछ की जा रही है और उनके दस्तावेजों की गहन जांच की जा रही है।

# अग्निवीर से युवाओं का रुझान घटा

**– अग्नि वीरों की नहीं हो रही है शादी**

ग्वालियर **(एजेंसी)।** केंद्र सरकार के रक्षा मंत्रालय ने अग्निवीर योजना को बड़े धूम धड़ाके से लेकर आया था। सेना का उद्देश्य था, युवा और ऊर्जावान युवाओं को सेना में लाया जाए। जिस तरीके से योजना के बारे में बताया गया था। उसके बाद युवाओं में उत्साह जागा था। बाद में पता चला कि 4 साल बाद सेना से निकाल दिया जाएगा। यह सच सामने आया, उसके बाद से अग्नि वीर में युवाओं की संख्या लगातार घटती चली जा रही है।

मध्य प्रदेश में 2022-23 में 73000 युवाओं ने भरती के लिए पंजीयन कराए थे। 2023-24 में यह संख्या 20500 रह गई। वर्ष 24-25 के लिए 24000 युवाओं ने भरती के लिए पंजीयन कराया है।



ग्वालियर संभाग में सेना भरती के आंकड़े लगातार घटते चले जा रहे हैं। इसमें 68 फ़ीसदी की कमी आ गई है। जिन युवाओं का चयन हो जाता है। उसके बाद भी वह ज्वाइन नहीं करते हैं। पिछले 4 साल में जिस तरह अग्नि वीर योजना का आकर्षण युवाओं में कम हो रहा है। इसके लिए अब अग्नि वीर योजना की समीक्षा करने की बात की जा रही है।

अग्नि वीर में शामिल युवाओं का कहना है। 4 साल बाद वह फिर से बेरोजगार हो जाएंगे। डर के कारण उनकी निजी जिंदगी खराब हो रही है। अग्नि वीर युवा के लिए शादी के प्रपोजल भी नहीं आ रहे हैं। पहले सेना में जैसे ही भर्ती होती थी। वैसे ही शादी के प्रस्ताव आना शुरू हो जाते थे। यहां के लोग अग्निवीर के साथ अपनी लड़की की शादी नहीं करना चाहते हैं। उन्हें लगता है अग्नि वीर का कोई भविष्य नहीं है।

सेना मे नौकरी पाने और अग्नि वीर बनने के लिए पहले बड़ी संख्या में प्रशिक्षण लेने के लिए युवा सामने आते थे। सेना में अब भर्ती हो नहीं रही है। अग्निवीर में भर्ती हो रही है,लेकिन इसका प्रशिक्षण लेने युवा तैयार नहीं है। बड़े-बड़े मैदान जहां पहले प्रशिक्षण दिया जाता था। इन दिनों खाली पड़े हुए हैं।

# पाकिस्तान के खिलाफ जेट्स की इस तिकड़ी का इस्तेमाल कर सकती हैं भारतीय वायुसेना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पहलगाम में आंतकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर है। ऐसी संभावना है कि भारत, पाकिस्तान के खिलाफ कोई सैन्य कार्रवाई कर सकता है। इसके लिए भारतीय वायुसेना के पास फ्रांसीसी मूल के फाइटर जेट्स की एक ऐसी तिकड़ी है, जो भारत पाकिस्तान के खिलाफ तैनात कर सकता है। भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आतंकवादियों और उनका साथ देने वालों को कड़ा जवाब देने का वादा कर दिया है। वहीं भारतीय प्रधानमंत्री ने आतंकवादियों और उनके पनाहगारों को मिट्टी में मिलाने का वादा किया है। भारत ने पहले भी आतंकी हमलों के जवाब में हवाई हमले किए हैं। लिहाजा माना जा रहा है कि इंडियन एयरफोर्स एयरस्ट्राइक करने जैसे फैसले ले सकती है। बालाकोट एयरस्ट्राइक में दो फ्रांसीसी लड़ाकू विमानों जगुआर और मिराज का इस्तेमाल हुआ था। रूसी मूल के एसयू-30, एमआईजी-21 और एमआईजी-29 भी ऑपरेशन का हिस्सा थे। लिहाजा अगर भारत पाकिस्तान के खिलाफ हमला करने का फैसला करता है, तब भारतीय वायुसेना, तीन अलग-अलग लेकिन शक्तिशाली पीढ़ी के फ्रांसीसी मूल के लड़ाकू विमानों जगुआर, मिराज 2000 और राफेल के बहुत ही दुर्लभ संयोजन तैनात कर सकती है। फ्रांस, दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है जिसने माली में ऑपरेशन में तीनों लड़ाकू विमानों का इस्तेमाल किया था। फ्रांसीसी वायु सेना की विरासत और आधुनिक विमानों के मिश्रण को बनाए रखने की रणनीति ने इस तरह की तैनाती को संभव बनाया, खासकर ट्रांजिशन पीरियड के दौरान, जब जगुआर ऑपरेशनल थे। हालांकि फिलहाल यह देखना बाकी है कि भारतीय वायुसेना इन तीनों फ्रांसीसी मूल के फाइटर जेट्स को पाकिस्तान के खिलाफ एक साथ इस्तेमाल करती है या नहीं, लेकिन एक बात पक्की है कि पाकिस्तान के पास अपने शस्त्रागार में ऐसा कुछ भी नहीं है, जो राफेल लड़ाकू विमानों से मुकाबला कर सके।

## उत्तर कोरियाई सैनिकों ने यूक्रेनी सैनिकों के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी : रूसी सेना

मॉस्को। रूसी सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ प्रमुख वालेरी गेरासिमोव ने शनिवार को पुष्टि की कि उत्तर कोरिया के सैनिकों ने रूस के कुर्स्कक्षेत्र में यूक्रेनी सैनिकों के खिलाफ लड़ाई लड़ी। गेरासिमोव ने कहा कि उत्तर कोरिया के सैनिकों ने यूक्रेनी सैनिकों को खदेड़ने के दौरान रूसी सैनिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर युद्ध अभियानों में भाग लिया और युद्ध में धैर्य एवं वीरता दिखाई। वहीं क्रेमलिन के प्रवक्ता दमित्री पेस्कोव ने शनिवार को दावा किया कि यूक्रेन के सभी सैनिकों को रूस के कुर्स्क क्षेत्र से खेदड़ दिया गया है। वही, यूक्रेन के अधिकारियों ने इस दावे पर कोई टिप्पणी नही की है।

## पहलगाम आतंकवादी हमले के खिलाफ काठमांडू में पाक दूतावास के बाहर प्रदर्शन

**काठमांडू।** नागरिक युवा शक्ति नेपाल ने शनिवार को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के खिलाफ यहां पाकिस्तानी दूतावास के बाहर प्रदर्शन किया। इस हमले में 26 लोगों की मौत हो गई थी। आतंकवादियों ने मंगलवार को दक्षिण कश्मीर के प्रमुख पर्यटन स्थल पहलगाम में पर्यटकों पर गोलीबारी की थी, जिसमें एक नेपाली पर्यटक समेत 26 लोगों की मौत हो गई थी। कई युवक हाथों में तख्तियां और हमले में मारे गए 27 वर्षीय सुदीप न्यूपाने की तस्वीर लेकर आतंकवादियों को सजा दो और हिंदुओं की हत्या बंद करो जैसे नारे लगा रहे थे। पश्चिमी नेपाल के बुटावल उप-महानगरीय शहर के न्यूपाने उन लोगों में शामिल थे, जो इस हमले में मारे गए।

## उत्तर-पश्चिमी नाइजीरिया में बंदूकधारियों के हमले में कम से कम 20 लोगों की मौत

अबुजा। नाइजीरिया में जम्फारा राज्य के एक गांव में हथियारबंद लोगों ने कम से कम 20 लोगों की हत्या कर दी और दर्जनों को घायल कर दिया। एक मानवाधिकार समूह ने यह जानकारी दी। एमनेस्टी इंटरनेशनल नाइजीरिया ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए बताया कि बंदूकधारी मोटरसाइकिलों पर सवार होकर बृहस्पतिवार दोपहर को डैन गुलबी जिले के गोबिरावा चाली गांव पहुंचे और उन्होंने वहां लोगों पर हमला कर दिया।उसने बताया कि बंदूकधारियों ने सबसे पहले सोने की एक खदान को निशाना बनाकर 14 लोगों की हत्या की। इसके बाद उन्होंने घरों और एक मस्जिद में लोगों पर हमले किए। उसने बताया कि इन हमलों में कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई।

## ओप्पो दुनिया में मजबूत डिजाइन पर देगा जोर

मुंबई। ओप्पो 5एजेड प्रो 5जी ने अपने सेगमेंट में मजबूती की परिभाषा को बदल दिया है । जो आईपी 66, आईपी68 और आईपी69 जैसे बेहतरीन रेटिंग्स और मिलिट्री ग्रेड सर्टिफिकेशन के साथ आता है, जिससे उपभोक्ताओं के लिए ज़बरदस्त मजबूती को आसान बनाया गया है। ओप्पो 5एजेड प्रो 5जी 17,999 रुपये के शुरुआती मूल्य में आनलपइन और मेनलाइन रिटेल स्टोर्स पर खरीदने के लिए उपलब्ध है। यह फोन ओप्पो की दूरेबिलिटी वाली पहचान को एफ सीरीज़ से ए सीरीज़ तक आगे बढ़ाया है और स्मार्टफोन की ताकत को नए स्तर पर ले गया है। अब ओप्पो के सभी फ्लैगशिप, मिड-रेंज और 5 प्रो डिवाइसेज़ में आईपी69 जैसी बेहतरीन रेटिंग मिलती है, जो की ये दर्शाता है की ब्रांड कैसे एक दूरेबल चैंपियन फॅमिली का पोर्टफोलियो अपने कंस्यूमर्स को प्रोवाइड कर रहे है । इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए, ओपपो अब ओप्पो 5एजेड प्रो 5जी के ज़रिए मजबूती को आम लोगों तक पहुंचा रहा है–ताकि ज़्यादा से ज़्यादा लोग एक दमदार स्मार्टफोन का अनुभव कर सकें।

# लंदन में आमने-सामने आए भारतीय व पाकिस्तानी प्रदर्शनकारी

### ● पाक राजनयिक ने किए धमकी भरे इशारे

लंदन

**पहलगाम** आतंकवादी हमले मद्देनजर लंदन में विरोध प्रदर्शन करने के लिए एकत्र हुए प्रवासीय भारतीयों के समूहों और यहां पाकिस्तान उच्चायोग के बाहर जवाबी प्रदर्शन करने वालों का आमना–सामना हुआ। इस दौरान एक पाकिस्तानी राजनयिक अधिकारी को धमकी भरे इशारे करते हुए देखा गया। भारतीय समूहों द्वारा शुक्रवार शाम सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए वीडियो में पाकिस्तानी अधिकारी को लोन्डेस स्क्वायर में स्थित मिशन भवन की बालकनी से भारतीय प्रदर्शनकारियों की तरफ इशारे करते हुए देखा जा सकता है। राजनयिक ने फरवरी 2019 में पाकिस्तान में पकड़े गए भारतीय वायुसेना के पायलट कैप्टन अभिनंदन वर्धमान का पोस्टर दिखाकर ए इशारे किए। विरोध प्रदर्शन के दौरान भारतीयों ने भारतीय राष्ट्रीय ध्वज और तख्तियां ले रखी थीं, जिन पर पाकिस्तान से कश्मीर में आतंकवाद को खत्म करने का आह्वान किया गया था।फ्रेंड्स ऑफ इंडिया सोसायटी इंटरनेशनल यूके के प्रवक्ता ने कहा, हम कश्मीर में पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद के कारण निर्दोष लोगों की हत्या किए जाने की निंदा करने के लिए एकत्र हुए हैं। हम सख्त अंतरराष्ट्रीय कार्रवाई की मांग करते हैं और ब्रिटेन सरकार से भारत के साथ खड़े होने तथा पाकिस्तान के प्रति अपनी नीति पर पुनर्विचार करने का आग्रह करते हैं। एक चौंकाने वाली और पूरी तरह से निंदनीय हरकत करते हुए ब्रिटेन में पाकिस्तानी उच्चायोग के एक सदस्य ने भारत के विंग कमांडर अभिनंदन की तस्वीर लहराई और बर्बर तरीके से गला काटने का इशारा किया। यह कृत्य न केवल घोर शत्रुता को दर्शाता है, बल्कि राजनयिक मानदंडों व मानवीय शालीनता के लिए खतरनाक भी है। लंदन में स्थित पाकिस्तान उच्चायोग के बाहर लगे पोस्टरों में लिखा था, एकता, न्याय और मानवता के लिए खड़े होने तथा निर्दोष लोगों पर आतंकवादी हमलों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने के लिए हमारे साथ जुड़ें।

# पोप फ्रांसिस को दी गई अंतिम विदाई


### आम लोगों के पोप के तौर पर उन्हें याद किया गया

। वेटिकन सिटी



**पोप फ्रांसिस के** अंतिम संस्कार कार्यक्रम में विश्व नेताओं और कैथोलिक अनुयायियों ने बड़ी संख्या में एकत्र होकर शनिवार को उन्हें अंतिम विदाई दी। इस कार्यक्रम में पोप के रूप में फ्रांसिस की प्राथमिकताएं और पादरी के रूप में उनकी इच्छाएं प्रतिबिंबित हुईं। करीब 2,50,000 लोग प्रार्थना सभा में शामिल हुए और फ्रांसिस का ताबूत शहर के दूसरी ओर स्थित सेंट मैरी मेजर बेसिलिका लाए जाने के दौरान रास्ते में हजारों लोग कतार में खड़े नजर आए। इसके बाद ताबूत को स्विस गार्ड की सुरक्षा में चर्च के अंदर ले जाया गया। इससे पहले, कॉलेज ऑफ कार्डिनल के डीन, कार्डिनल जियोवानी बतिस्ता रे (91) ने पोप फ्रांसिस को आम लोगों का पोप बताते हुए कहा कि वह ऐसे पादरी थे जो अनौपचारिक एवं सहज शैली में हमारे बीच सबसे कमजोर लोगों से संवाद करना जानते थे। रे ने फ्रांसिस को लोगों के बीच रहने वाला पोप एवं सभी के लिए खुले दिल वाला बताया। उन्होंने कहा कि फ्रांसिस की जो आखिरी छवि कई लोगों के मन में है, वह ईस्टर रविवार को आशीर्वाद देने और उसी स्क्वायर में पोपमोबाइल (पोप का वाहन) से सलामी देने की है। उन्होंने जब प्रवासियों के लिए फ्रांसिस द्वारा निरंतर जताई गई चिंता को याद किया, तो भीड़ ने उनकी सराहना की। रे ने पोप का अमेरिका–मेक्सिको सीमा पर जाना और यूनान के लेस्बोस में शरणार्थी शिविर की यात्रा करना तथा 12 प्रवासियों को अपने साथ घर लाने का उल्लेख किया। रे ने कहा, उनका यह मानना था कि चर्च सभी के लिए एक घर है, एक ऐसा घर जिसके दरवाजे हमेशा खुले हुए हैं। फ्रांसिस ने कमजोर लोगों पर ध्यान दिया था, लेकिन उनके अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शक्तिशाली लोग बड़ी संख्या में मौजूद थे। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की, संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर मौजूद थे। कार्यक्रम में, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, ब्रिटिश राजपरिवार के सदस्य राजकुमार विलियम और यूरोपीय संघ के नेता भी शामिल हुए। इसमें 160 से अधिक आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल की मौजूदगी रही।

# ट्रंप और जेलेंस्की ने वेटिकन में की मुलाकात, रूस-यूक्रेन युद्ध पर चर्चा



**रोम।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार से पहले शनिवार को मुलाकात की और रूस–यूक्रेन युद्ध पर चर्चा की। व्हाइट हाउस ने यह जानकारी दी। व्हाइट हाउस के मुताबिक दोनों नेताओं के बीच चर्चा बहुत सकारात्मक रही और बाद में और अधिक विवरण जारी किए जाएंगे। वेटिकन के सेंट पीटर बेसीलिका के अंदर यह बैठक लगभग 15 मिनट तक हुई। अंतिम संस्कार के बाद जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर कहा अच्छी मुलाकात हुई। हमने लोगों की जान की रक्षा करना, पूर्ण और बिना शर्त युद्धविराम, विश्वसनीय और स्थाई शांति आदि पर चर्चा की और अच्छे नतीजों की उम्मीद है। ट्रंप ने दोनों पक्षों पर युद्धविराम के लिए सहमत होने का दबाव बनाया है। उनके विशेष दूत स्टीव विटकॉफ ने शुक्रवार को मॉस्को में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की थी और ट्रंप ने कहा कि दोनों पक्ष समझौते के बहुत करीब हैं। पुतिन, फ्रांसिस के अंतिम संस्कार में शामिल नहीं हुए क्योंकि उनके खिलाफ अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। उन पर युद्ध अपराधों का आरोप है।

### मुझे पुतिन के युद्ध समाप्त करने पर संदेह : ट्रंप

**रोम।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को कहा कि उन्हें इस बात को लेकर संदेह है कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन में युद्ध समाप्त करना चाहते हैं। उन्होने इस बात को लेकर भी संदेह जताया कि शांति समझौता जल्द ही हो सकता है। एक दिन पहले ही ट्रंप ने कहा था कि यूक्रेन और रूस समझौते के बहुत करीब हैं। पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार के बाद अमेरिका वापस लौटते समय ट्रंप ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि पिछले कुछ दिनों में नागरिक क्षेत्रों, शहरों और कस्बों में मिसाइलें दागने का पुतिन के पास कोई कारण नहीं था। ट्रंप ने लिखा कि इससे उन्हें लगता है कि शायद वह (पुतिन) युद्ध को रोकना नहीं चाहते।

# सेमी व आईईएसए की रणनीतिक पहल से बढ़ेगा विश्व में प्रभाव

**मुंबई।** इलेक्ट्रॉनिक्स कम्पोनेंट्स मैन्युफैक्चरिंग स्कीम (ईसीएमएस) के शुभारंभ पर इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) को बधाई देते हुए, सेमी इंडिया और आईईएसए के अध्यक्ष अशोक चांडक ने कहा कि ईसीएमएस पहल भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्च रिंग ईकोसिस्टम को मजबूत करने और देश में वैल्यू ऐडिशन बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जिससे सेमीकंडक्टर नीति हेतु समर्थन को पूर्णता मिलेगी। उन्होंने नीतियों के वैश्विक प्रचार को लेकर कहा कि हम निवेश आकर्षित करने और वैश्विक बाजारों की संभावना के साथ ईकोसिस्टम विकसित करने के लिए घरेलू और वैश्विक दोनों प्लैटफार्मों पर भारत की नीतियों को सक्रिय रूप से बढ़ावा देते हैं। सितंबर के पहले सप्ताह में होने वाले सेमीकॉन इंडिया कार्यक्रम में, हमें उम्मीद है कि कई कंपनियां और सदस्य इस दिशा में प्रगति दर्शाएंगे। 22,919 करोड़ रुपये के कुल बजट के साथ ईसीएमएस का लक्ष्य 59,350 करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित करना है, जिसके परिणामस्वरूप 4,56,500 करोड़ रुपये मूल्य के उत्पादों का उत्पादन होगा और 91,600 व्यक्तियों के लिए अतिरिक्त प्रत्यक्ष रोजगार बनेगा, जिससे इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग के लिए वैश्विक केंद्र के रूप में भारत की स्थिति मजबूत होगी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा योजना के दिशानिर्देश और पोर्टल जारी करने के अवसर पर बोलते हुए, चांडक ने इस बात पर जोर दिया कि एसईएमआई और आईईएसए इस योजना को बढ़ाने और इसके प्रभाव को बढ़ाने के लिए कई रणनीतियों को लागू कर रहे हैं, जिनमें जापान, कोरिया, ताइवान, सिंगापुर और अमेरिका के उद्योग संघों के साथ सेमी ग्लोबल और आईईएसए के समझौता ज्ञापनों के जरिए हम भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स कम्पोनेंट ईकोसिस्टम को बढ़ाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा दे रहे हैं।

## गाजा में इजराइली हमलों में पांच बच्चों सहित 10 लोग मारे गए

**दीर अल–बलाह (गाजा पट्टी)।** गाजा सिटी में एक इजराइली हवाई हमले में तीन मंजिला मकान ध्वस्त हो गया, जिससे 10 लोग मारे गए। वहीं पिछले 24 घंटे में इजराइली हमलों में कम से कम 49 लोग मारे गए। स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी। शिफा अस्पताल के अनुसार पश्चिमी गाजा सिटी के एक मोहल्ले में सुबह–सुबह हुए हवाई हमले में मरने वालों में तीन महिलाएं और पांच बच्चे शामिल हैं। इजराइल की सेना ने कहा कि उसने हमास के एक आतंकवादी पर हमला किया और जिस इमारत में वह काम करता था वह ढह गई है। गाजा सिटी के तट पर स्थित शाती शरणार्थी शिविर में तीन अन्य लोग मारे गए। ए हमले ऐसे समय में हुए हैं जब शनिवार को हमास ने कहा कि उसने अटके पड़े युद्धविराम को पुन: पटरी पर लाने के लिए एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल काहिरा भेजा है। हमास ने कहा कि उसका प्रतिनिधिमंडल मिस्र के अधिकारियों के साथ युद्ध समाप्त करने पर चर्चा करेगा।

# स्ट्रोक, मिर्गी से ज्यादा आम फंक्शनल न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर , पर अक्सर पकड़ में नहीं आता

ऑकलैंड

**अगर आप** अचानक अपने हाथ–पैर हिलाने, चलने–फिरने या बोलने में असमर्थता महसूस करने लगें, तो आप शायद इसे मेडिकल इमरजेंसी समझकर तुरंत अस्पताल का रुख करेंगे। अब कल्पना कीजिए कि अस्पताल में डॉक्टर आपकी कुछ जांच कराएं और रिपोर्ट देखने के बाद कहें, अच्छी खबर हैउ आपकी सभी रिपोर्ट सामान्य है, किसी भी जांच में कोई भी दिक्कत सामने नहीं आई है। सब कुछ ठीक है। आप घर जा सकते हैंउ हालांकि, आपको लक्षणों में कोई राहत महसूस नहीं होती और आप इस डरावने एहसास से घिरने लगते हैं कि आप जल्द बिस्तर पकड़ सकते हैं। दुर्भाग्य से, फंक्शनल न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर (कार्यात्मक तंत्रिका संबंधी विकार) से पीड़ित कई लोग इसी तरह के अनुभव से दो–चार होते हैं। कई बार तो उन्हें यह भी सुनना पड़ता है कि वे लक्षणों को बढ़ा–चढ़ाकर पेश कर रहे हैं या झूठ बोल रहे हैं। तो आइए जानें कि फंक्शनल न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर क्या है और इसकी पहचान एवं इलाज इतना मुश्किल क्यों है? स्ट्रोक समझने की गलती –तंत्रिका तंत्र संबंधी विकार (न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर) तंत्रिका तंत्र के काम करने के तरीके को प्रभावित करते हैं। तंत्रिका तंत्र की कोशिकाएं मस्तिष्क और शरीर के अन्य हिस्सों के बीच संदेशों के आदान–प्रदान के लिए जिम्मेदार होती हैं, जिससे व्यक्ति उठने, बैठने, चलने, बोलने, देखने, सुनने, स्वाद महसूस करने और खाना पचाने जैसे अहम काम कर पाता है। आम लोगों को फंक्शनल न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर के लक्षण स्ट्रोक, मिर्गी या मल्टीपल स्क्लेरोसिस के समान लग सकते हैं। मल्टीपल स्क्लेरोसिस केंद्रीय तंत्रिका तंत्र से जुड़ा एक विकार है, जिसमें शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी में मौजूद तंत्रिका कोशिकाओं के सुरक्षात्मक आवरण (मायलिन) पर हमला करती है, जिससे मस्तिष्क और शरीर के बाकी हिस्सों के बीच संदेशों का आदान–प्रदान प्रभावित होता है। स्ट्रोक, मिर्गी या मल्टीपल स्क्लेरोसिस के विपरीत फंक्शनल न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर के लक्षण तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करने वाली क्षति या विकार का नतीजा नहीं होते हैं। इसका मतलब यह है कि फंक्शनल न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर सामान्य मस्तिष्क स्कैन और अन्य जांच में पकड़ में नहीं आते। फंक्शनल न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर मस्तिष्क से जुड़ी विभिन्न प्रणालियों के बीच सूचनाओं के प्रसंस्करण की प्रक्रिया प्रभावित होने के कारण उभरते हैं। सरल भाषा में कहें तो ए मस्तिष्क के हार्डवेयर नहीं, सॉफ्टवेयर से जुड़े विकार होते हैं।

### हेल्थ चेकअप की सुविधाएं देने पर जोर

एमेजॉन 2025 के अंत तक देशभर में मेडिकल कैंप लगाकर अस्सी हजार से भी ज़्यादा डिलीवरी पार्टनर्स को मुफ्त हेल्थ चेकअप की सुविधा देगा। यह पहल पहले ही शुरू हो चुकी है, जिसमें तमिलनाडु और दिल्ली-एनसीआर में चार कैंप लगाए जा चुके हैं। इससे एमेजॉन की अपने डिलीवरी पार्टनर्स की सेहत और सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता साफ दिखाई देती है। ये मेडिकल कैंप मार्श और केयर इंश्योरेंस के साथ मिलकर आयोजित किए जा रहे हैं। इसमें आंखों की जांच, दांतों की जांच, बीएमआई चेक और सामान्य डॉक्टर की सलाह जैसी स्वास्थ्य सेवाएं दी जा रही हैं। डिलीवरी पार्टनर इन सेवाओं का फायदा एमेजॉन के लास्ट-माइल डिलीवरी स्टेशनों पर लगाए गए कैंप में जाकर ले सकते हैं, बस उन्हें सरकार द्वारा जारी कोई पहचान पत्र दिखाना होगा।डॉ. करुणा शंकर पांडे, वाइस प्रेसिडेंट, एमेजॉन लॉजिस्टिक्स, एमेजॉन इंडिया ने बताया कि, हम पूरे भारत में इन हेल्थ कैंप को शुरू करके गर्व महसूस कर रहे हैं, ताकि हमारे डिलीवरी पार्टनर्स की सेहत का ख्याल रखा जा सके। यह पहल एमेजॉन के मौजूदा बेनिफिट्स को और मज़बूत बनाती है, जिसमें पहले से ही ग्रुप मेडिक्लेम और ग्रुप पर्सनल एक्सीडेंट इंश्योरेंस शामिल हैं। हम प्रिवेंटिव हेल्थकेयर (रोकथाम वाली सेहत सेवाएं) को सीधे डिलीवरी स्टेशनों तक लाकर लगभग 80,000 डिलीवरी पार्टनर्स के लिए ज़रूरी मेडिकल सेवाएं आसान बना रहे हैं, जो हमारे लास्ट-माइल ऑपरेशंस की जान है।

# प्यार के लिए ठुकराया करियर, पति के लिए बेच दी 100 करोड़ की प्रॉपर्टी, अब साउथ की फिल्म में दिखेंगी 90'2 की हीरोइन

बॉलीवुड में ऐसी कई हिट हीरोइन्स रहीं हैं जिन्होंने अपनी खूबसूरती से लोगों के दिलों में जगह बनाई और खूब नाम कमाया। लेकिन शादी के बाद इस ग्लैमर की दुनिया को अलविदा कहा और अपने परिवार को संभालने लगीं। बॉलीवुड में 90 के दशक की एक ऐसी ही हीरोइन हैं जिन्होंने अजय देवगन के साथ पर्दे पर रोमांस किया और हिट फिल्में भी दीं। 90 के दशक में सुपरस्टार रहीं इस हीरोइन ने शादी के बाद करियर को अलविदा कह दिया। लेकिन बीते कुछ साल से फिर से एक्टिंग की दुनिया में अपना वजूद तलाश रही हैं। इस हीरोइन ने अपने पति के लिए अपनी 100 करोड़ की प्रॉपर्टी भी बेच दी थी। हम बात कर रहे हैं अजय देवगन के साथ फूल और कांटे की हीरोइन रहीं मधु शाह की।

मधु शाह एक फिल्मी परिवार से आती हैं और उनके पिता रघुनाथ शाह बॉलीवुड सुपरस्टार रहीं हेमा मालिनी के चाचा थे। मधु की मां ने उन्हें बचपन से ही भरतनाट्यम की ट्रेनिंग दी थी। मधु ने भी हेमा मालिनी की तरह एक्ट्रेस बनने का फैसला लिया और मेहनत में जुट गईं। मधु ने 1990 में मलयालम फिल्म 'ओट्टयल पट्टलम' से अपने करियर की शुरूआत की। इसके बाद अगले





ही साल 1991 में अजय देवगन के साथ बॉलीवुड फिल्म 'फूल और कांटे' में काम किया। ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट रही और अजय देवगन के साथ मधु भी बॉलीवुड स्टार बन गईं। करीब 5 साल के अंदर मधु ने हिंदी, मलयालम, कन्नड़ और तेलुगु भाषा में 30 से ज्यादा फिल्में कर डालीं। इनमें कुछ बॉलीवुड फिल्में जैसे 'फूल और कांटे', 'दिलजले',' यशवंत', और 'पहचान' ने मधु को पॉपुलरिटी दी और बॉक्स ऑफिस पर सफलता भी दिलाई। अपने करियर के पीक पर होने के बाद भी मधु ने अपने परिवार के साथ सेक्रिफाइस किया और 1999 में शादी के बाद फिल्म इंडस्ट्री को अलविदा कह दिया। कुछ साल तक मधु अपने पति के साथ अमेरिका में रहीं और यहां उनकी 2 बेटियां भी हुईं। शादी के कुछ साल बाद मधु के पति जो एक बिजनेसमैन हैं उन्हें घाटा लग गया। बिजनेस में घाटा होने के समय मधु के पति कर्जे में आ गए तो मधु ने अपनी 100 करोड़ की प्रॉपर्टी बेचकर अपने पति की मदद की। हालांकि बाद में मधु के पति ने भी इस प्रॉपर्टी को रीकवर कर लिया। करियर के लंबे ब्रेक के बाद मधु ने एक बार फिर एक्टिंग की दुनिया में वापसी की है और अब कई प्रोजेक्ट्स में खास प्रोजेक्ट्स करते नजर आती रहती हैं।

बता दें कि मधु अब जल्द ही साउथ की फिल्म 'कनप्पा' में नजर आने वाली हैं। मधु इस फिल्म में खास किरदार निभाएंगी। मोहनलाल, प्रभास, वुष्णु मंचु स्टारर इस फिल्म का बजट 200 करोड़ रुपयों से भी ज्यादा का है। ये फिल्म साउथ के अब तक के सबसे बड़े प्रोजेक्ट्स में से एक है। इस फिल्म में मधु ने भी पन्नागा का किरदार निभाया है।

# द भूतनी करने से पहले संजय दत्त से डरी हुई थीं मौनी रॉय!

## शूटिंग के बाद कैसे बदली एक्ट्रेस की राय...?



मौनी रॉय टीवी के बाद बड़े पर्दे पर भी अपनी पहचान कायम कर चुकी हैं। फिल्मी दुनिया में एक्ट्रेस के अलग-अलग किरदारों की चर्चा चलती है। इन दिनों मौनी अपनी अपकमिंग फिल्म द भूतनी को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। इसमें उनके साथ बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता संजय दत्त भी लीड रोल की भूमिका में हैं। इन दिनों एक्ट्रेस फिल्म के प्रमोशन में बिजी चल रही हैं। इस बीच उन्होंने संजय दत्त के साथ काम करने का अनुभव शेयर किया है। मौनी रॉय पहली बार संजय दत्त संग स्क्रीन शेयर कर रही हैं। फिल्म में वह मोहब्बत नाम की भूतनी के किरदार में नजर आएंगी। वहीं, संजय दत्त ने भूत-शिकारी बाबा की भूमिका निभाई है। दोनों के ही किरदार फिल्म के लिए जरूरी है। फिल्मी दुनिया के सितारे अक्सर शूटिंग से जुड़े कुछ मजेदार किस्से सुनाते हैं। मौनी ने भी संजू बाबा संग फिल्म के सेट पर काम करने के बारे में खुलकर बात की है।

रिपोर्ट के मुताबिक, मौनी रॉय ने संजय दत्त के साथ काम करने के बारे में बात करते हुए कहा, 'मैं खुद संजय सर की बहुत बड़ी फैन हूं। मेरा यह मतलब है कि उनका फैन कौन नहीं है? उन्हें फिल्मों में काम करने का काफी ज्यादा अनुभव हैं, लेकिन उन्होंने सेट पर एक बार भी दिखावा नहीं किया। फिल्म के सेट पर वह हमारे साथ अपना अनुभव शेयर करने, हमें सीख देने और हमारा मार्गदर्शन करने के लिए हमेशा मौजूद रहते थे। मैं स्वाभाविक रूप से उनके जितने कद वाले व्यक्ति से काफी ज्यादा डरी हुई थी, लेकिन शूटिंग के दौरान उन्होंने मुझ सहज महसूस कराया और हम सभी के लिए हमेशा मौजूद थे।'

# 'बदकिस्मत' कहलाईं श्रुति हासन दो फिल्मों के फ्लॉप होने पर लगा कलंक, बोलीं- 'दोनों में एक ही हीरो था'



जानी-मानी अदाकारा श्रुति हासन साउथ फिल्मों से अपना करियर शुरू किया था। वह तमिल, तेलुगु और हिंदी फिल्मों में अपनी अदाकारी दिखा चुकी हैं। एक बार उन्होंने दो फिल्में कीं और दोनों ही फ्लॉप हो गईं। तब उन पर बदकिस्मत का कलंक लगा था। दो फिल्मों के फ्लॉप का दाग उन पर लगा। अब एक्ट्रेस ने इस पर चुप्पी तोड़ी है। श्रुति हासन ने साउथ एक्टर सिद्धार्थ के साथ अनगनगा ओ धीरुडु से तेलुगु डेब्यू किया था। इसके बाद उन्होंने ओह माय फ्रेंड मूवी में काम किया। इसमें भी सिद्धार्थ थे। दोनों ही फिल्में फ्लॉप हुईं और इसका ठीकरा एक्ट्रेस पर फोड़ा गया और उन्हें अनलकी बताया गया।

**दो फ्लॉप फिल्मों के लिए कहलाईं बदकिस्मत**

अब फिल्मफेयर के साथ बातचीत में श्रुति हासन ने इस बारे में खुलकर बात की है। उन्होंने कहा, ''तेलुगु में एक मिथक था कि मैं बदकिस्मत थी क्योंकि मेरी पहली दो फिल्में नहीं चलीं, लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि दोनों फिल्मों में एक ही हीरो था। दोनों ने मुझे फिल्म गब्बर सिंह में लेने के लिए लड़ाई लड़ी और फिर मेरा पूरा करियर बदल गया। उसके बाद हिंदी सिनेमा में तरक्की करना शुरू कर दिया और तमिल सिनेमा में भी।''

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com